# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in


पत्रांक– 3725/कु0का0/2024 दिनांक– 13/06/2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

**विषयः–दिनांक 12 जून से 18 जून, 2024 तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शपथ लिए जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आप अवगत ही हैं कि राज्यपाल महोदया की प्रेरणा से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की गतिविधियों को **गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स** में दर्ज कराने हेतु शपथ लिये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ एवं सम्बद्व महाविद्यालय क्षेत्र हेतु उक्त अवधि (12 से 18 जून) में लगभग 2 लाख शपथ ग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, तद्क्रम में मा० कुलपति जी के आदेशानुसार इस बड़े अनुष्ठान में आप स्वयं समस्त शिक्षकगण, प्रबन्ध तंत्र के समस्त सदस्यगण कर्मचारीगण, विद्यार्थी, परिवारजन, एल्युमिनाई और समाज के अन्य लोगों के द्वारा आनलाइन शपथ ग्रहण कराकर पूर्ण करें। इस निमित निम्नलिखित लिंक को क्लिक कर अनिवार्य रूप से शपथ ग्रहण करना सुनिचित करें। प्रक्रिया अत्यन्त सरल है और लगभग दो मिनट पूरी की जा सकती है।

लिंक – https://rajbhawanyogapledge.in/

कृपया अपने–अपने महाविद्यालय/विभाग में एकत्रित होकर सामूहिक रूप से शपथ लें तथा शपथ का फोटोग्राफ निम्नलिखित गुगल फार्म पर प्रेषित करें।

गूगल फार्म – https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSc1j04EoDKVkS2TdCJdi5guNPfGZeOwRqcOhvRoPTpgushQnQ/viewform?usp=sf_link

आपके सुलभ सन्दर्भ हेतु उपरोक्त लिंक से खुलने वाली विंडो का फोटोग्राफ अगले पृष्ठ पर संलग्न है

भवदीय

(विशेश्वर प्रसाद)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।
3. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

# INTERNATIONAL YOGA DAY 2024

मैं शपथ लेता/लेती हूं कि मैं स्वयं तथा अपने परिवार के साथ नियमित रूप से योगाभ्यास कर योग को जीवन शैली के रूप में आत्मसात करूंगा/करूंगी।

I pledge to imbibe yoga as a lifestyle by practicing it regularly, both for myself and with my family.

## Take the Pledge/ शपथ लें

Select your university


Name/ नाम

Phone no./मोबाइल नंबर

Send OTP | OTP | Verify OTP

I Take the Pledge

Click the button and download the certificate.




**Total Pledges Till Now**

0 1 0 1 1 1 5

rajbhawanyogapledge.in

<u>ई–मेल द्वारा।</u>

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,

लखनऊ–226027

**संख्याः ई– 4284 / 32–जी0एस0 / 2023–XXII**

**दिनॉकः 11 जून, 2024**

**प्रेषक,**

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,**
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**कुलपति / निदेशक,**
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

**विषयः** **<u>विश्व योग दिवस–2024 के तत्वावधान में ऑनलाईन "शपथ–ग्रहण" का "विश्व कीर्तिमान" स्थापित करने विषयक दिनांक 10.06.2024 को आहूत "कोर समिति" की बैठक में हुए निर्णयों के सम्बन्ध में।</u>**

**महोदय / महोदया,**

कृपया इस सचिवालय के कार्यालय–ज्ञाप संख्या:4030 / 32–जी0एस0 / 2023 (YOGA DIWAS), दिनांकः 04 जून, 2024 द्वारा विश्व योग दिवस–2024 का विश्व कीर्तिमान बनाकर **"गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड"** में स्थान प्राप्त करने विषयक निर्देश प्रेषित किये गये थे।

2– तत्क्रम में इस सचिवालय के पत्र संख्याः ई–4192 / 32–जी0एस0 / 2023,दिनॉकः 06 जून, 2024 द्वारा प्रेषित निर्देशों के आलोक में अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की अध्यक्षता में गठित कोर समिति की ऑनलाईन बैठक राजभवन, लखनऊ में दिनॉक 10.06.2024 को सायं 4.00 बजे आहूत की गई। इस बैठक में "विश्व कीर्तिमान" समयबद्ध रूप से स्थापित करने हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार–विमर्श किया गया।

3– उक्त परिप्रेक्ष्य में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्नॉकित बिन्दुओं पर आप स्वयं समीक्षा करते हुये तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें :–

3.1– विश्वविद्यालयों में कार्यरत अधिकारियों, शिक्षकों / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, उनके परिजनों, अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं एवं विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों / संस्थानों में कार्यरत अधिकारियों, शिक्षकों / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, उनके परिजनों, अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं द्वारा दिनॉक 12.06.2024 (अर्थात 11.06.2024 की रात्रि 12.00 बजे से) से दिनॉक 18.06.2024 तक(दिनांक 18.06.2024 की रात्रि 12.00 बजे तक) SMS/Whatsapp द्वारा प्रेषित लिंक के माध्यम से अथवा online portal पर जाकर Online Pledge "शपथ ग्रहण" किया जायेगा।

3.2– सभी राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में कार्यरत अधिकारियों, शिक्षकों / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, उनके परिजनों, अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं एवं पूर्व छात्र (alumni) का विश्वविद्यालयवार उपलब्ध कराये गये निम्नॉकित विवरणानुसार सभी विश्वविद्यालयों को प्रत्येक दशा में 70 प्रतिशत् की संख्या में "ऑनलाईन शपथ ग्रहण" कर लक्ष्य को पूर्ण करना है। इसके लिये सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, अपने विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों के उपरोक्तानुसार चिन्हित हितधारकों को SMS/Whatsapp द्वारा प्रेषित लिंक के माध्यम से "ऑनलाईन शपथ–ग्रहण" की विश्वविद्यालय के लक्ष्य के सापेक्ष, प्रतिदिन समीक्षा करेंगे :–

| Sr.No | UniversityName | Count | Seventy Percent (लक्ष्य) |
|---|---|---|---|
| 1 | Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya | 726883 | 508818 |
| 2 | Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow | 655346 | 458742 |
| 3 | Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra | 653935 | 457755 |
| 4 | Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj | 500995 | 350697 |
| 5 | Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur | 493290 | 345303 |

11.6.24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | University of Lucknow | 399378 | 279565 |
| 7 | Chaudhary Charan Singh University, Meerut | 372779 | 260945 |
| 8 | Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi | 315281 | 220697 |
| 9 | Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur | 302157 | 211510 |
| 10 | Siddharth University Kapilvastu, Siddharthnagar | 266764 | 186735 |
| 11 | Maharaja Suhel Dev State University, Azamgarh | 239071 | 167350 |
| 12 | Bundelkhand University, Jhansi | 221155 | 154809 |
| 13 | Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly | 209370 | 146559 |
| 14 | Jananayak Chandrashekhar University, Ballia | 163005 | 114104 |
| 15 | Raja Mahendra Pratap Singh State University, Aligarh | 156309 | 109416 |
| 16 | Maa Shakumbhari University, Saharanpur | 140163 | 98114 |
| 17 | U.P. Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj | 79307 | 55515 |
| 18 | Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow | 63869 | 44708 |
| 19 | Sampurnanand Sanskrit Vishwavidyalaya, Varanasi | 35610 | 24927 |
| 20 | Acharya Narendra Deva University of Agriculture and Technology, Kumarganj, Ayodhya | 29615 | 20731 |
| 21 | Madan Mohan Malaviya University of Technology, Gorakhpur | 14707 | 10295 |
| 22 | King George's Medical University, U.P., Lucknow | 12480 | 8736 |
| 23 | Mahayogi Guru Gorakhnath AYUSH University, Gorakhpur | 10973 | 7681 |
| 24 | Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, U.P. (India) | 8683 | 6078 |
| 25 | Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow | 6732 | 4712 |
| 26 | Harcourt Butler Technical University, Kanpur | 4423 | 3096 |
| 27 | Sardar Vallabhbhai Patel University of Agriculture & Technology, Meerut | 2902 | 2031 |
| 28 | Dr. Rammanohar Lohia Institute of Medical Sciences (RMLIMS), Lucknow | 2418 | 1693 |
| 29 | U.P. Pandit Deen Dayal Upadhyaya Pashu Chikitsa Vigyan Vishwavidyalaya Evam Go-Ansundhan Sansthan, Mathura | 2052 | 1436 |
| 30 | Bhatkhande Sanskriti Vishwavidyalaya, Lucknow | 1776 | 1243 |
| 31 | Banda University of Agriculture and Technology, Banda | 1602 | 1121 |
| 32 | Chandra Shekhar Azad University of Agriculture and Technology, Kanpur | 12246 | 8572 |
| 33 | Chhatrapati Shahuji Maharaj University, Kanpur | 455000 | 318500 |
| 34 | Sanjay Gandhi Postgraduate Institute of Medical Sciences, Lucknow | 1255 | 879 |
| | | **6561531** | **4593073** |

3.3— प्रत्येक विश्वविद्यालय/संस्थान अपने—अपने विश्वविद्यालयों के शिक्षक संघ, शिक्षणेत्तर कर्मचारी संगठन, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के संगठनों, एन0सी0सी0/एन0एस0एस0, एल्युमिनाई संगठन, स्टूडेंट काउंसिल आदि को साथ लेकर एवं उनके साथ बैठकें/समन्वय करके अपने निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु आवश्यक प्रयास करना सुनिश्चित करेंगे।

3.4— कार्यक्रम पर आने वाले व्यय के विषय में कुलपति, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर/उपसचिव कोर समिति द्वारा निम्नॉकित विवरणानुसार प्रस्तावित व्यय "कोर समिति" की बैठक दिनांक 10.06.2024 में प्रस्तुत किया:—

| कम | व्यय का विवरण | धनराशि |
|---|---|---|
| 1— | GWR FEE- | RS. 37,14,900/- |
| 2— | Audit firm,forensic auditor & witnesses- | Rs.2,36,000/- |
| 3— | Bulk SMS (50 Lakh)- | Rs.8,85,000/- |
| 4— | Expenses for adjudicator- | Rs.3,50,000/- |
| 5— | Miscellaneous expenditure- | Rs.2,39,000/- |
| | Total :- | Rs.54,24,900/- |

11/6/24

3.5– उपरोक्त प्रस्तर–3.4 में प्रस्तावित व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु निम्नॉकित विवरण के अनुसार समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों को अपने विश्वविद्यालय/संस्थान से सम्बन्धित निर्धारित धनराशि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर (बैंक विवरण यथा–भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, शाखाः छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर खाता धारक का नाम–FINANCE OFFICER CSJM UNIVERSITY KANPUR, खाता संख्या– 40465185585, आई.एफ.एस.सी.–SBIN0064085) को उपलब्ध कराया जाएगा :–

| क0सं0 | विश्वविद्यालय/संस्थान का नाम | धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या | 1,00,000.00 |
| 2. | अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ। | 2,01,250.00 |
| 3. | बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा। | 1,00,000.00 |
| 4. | भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ। | 1,00,000.00 |
| 5. | बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी। | 2,01,250.00 |
| 6. | चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ। | 2,01,250.00 |
| 7. | चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,कानपुर। | 1,00,000.00 |
| 8. | छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर। | 2,01,250.00 |
| 9. | डा0 राम मनोहर लोहिया चिकित्सा विज्ञान संस्थान,लखनऊ। | 1,00,000.00 |
| 10. | दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | 2,01,250.00 |
| 11. | डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ | 2,01,250.00 |
| 12. | डा0 भीमराम आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा। | 2,01,250.00 |
| 13. | डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या। | 2,01,250.00 |
| 14. | डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ। | 1,00,000.00 |
| 15. | हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर। | 1,00,000.00 |
| 16. | जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया। | 2,01,250.00 |
| 17. | ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ। | 1,00,000.00 |
| 18. | किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ। | 1,00,000.00 |
| 19. | लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ। | 2,01,250.00 |
| 20. | महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली। | 2,01,250.00 |
| 21. | माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनुपर। | 2,01,250.00 |
| 22. | मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | 1,00,000.00 |
| 23. | महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़। | 2,01,250.00 |
| 24. | महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी। | 2,01,250.00 |
| 25. | महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | 2,01,250.00 |
| 26. | प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज। | 2,01,250.00 |
| 27. | राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़। | 2,01,250.00 |
| 28. | संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ। | 1,00,000.00 |
| 29. | सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी। | 1,00,000.00 |
| 30 | सरदार वल्लभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,मेरठ | 1,00,000.00 |
| 31. | सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, सिद्धार्थनगर। | 2,01,250.00 |
| 32 | उ0प्र0 पं0 दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा। | 1,00,000.00 |
| 33 | उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज। | 2,01,250.00 |
| 34. | वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर। | 2,01,250.00 |
| | कुल योग | 54,25,000.00 |

3.6– ''ऑनलाईन शपथ ग्रहण'' के सम्बन्ध में दोनों तिथियों(12.06.2024 व 18.06.2024) के 12 घंटे पूर्व कमशः दिनॉक 11.06.2024 को मध्यान्ह 12.00 बजे से "Start Countdown" व दिनॉक 18.06.2024 को मध्यान्ह 12.00 बजे से "End Countdown" आरम्भ किया जायेगा। इस हेतु कुलपति, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा Online Portal पर तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

11/6/24

3.7— सभी कुलपतिगण/निदेशकगण अपने विश्वविद्यालय/संस्थान में शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के साथ बैठक करके उन्हें परिजनों के साथ ऑनलाईन शपथ लेने हेतु प्रोत्साहित करेंगे।

3.8— सभी कुलपतिगण/निदेशकगण अपने विश्वविद्यालय/संस्थान से सम्बद्ध महाविद्यालयों को इस सम्बन्ध में निर्देश निर्गत करेंगे व निरंतर अनुश्रवण करेंगे ताकि लक्ष्य प्राप्त हो सके।

3.9— सभी कुलपतिगण/निदेशकगण एल्युमिनाई संगठन, शिक्षक संगठन एवं कर्मचारी संगठनों को अपने साथ जोड़े एवं सभी के साथ बैठकें करके सभी को अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाईन शपथ लेने हेतु प्रोत्साहित करेंगे।

3.10— एन0सी0सी0 एवं एन0एस0एस0 कार्यक्रम के अधिकारियों एवं विद्यार्थियों से संवाद किया जाये एवं उन्हें इस सम्बन्ध में प्रेरित किया जायेगा।

4— **"ऑनलाईन शपथ—ग्रहण" करने हेतु प्रकिया (Steps to Take Online Pledge) :-**

- https://rajbhawanyogapledge.in पर जायें।
- शपथ पढ़ने के बाद, ड्राप डाउन में से अपने विश्वविद्यालय का नाम चुनें। यदि आप किसी विशिष्ट विश्वविद्यालय से सम्बन्धित नहीं हैं, तो आप "Others" चुन सकते हैं।
- अपना नाम दर्ज करें।
- अपना फोन नम्बर दर्ज करें।
- Send OTP पर क्लिक करें।
- OTP प्राप्त होने पर, OTP दर्ज करें और Verify OTP बटन पर क्लिक करें।
- यदि OTP सही है, तो "I Take the Pledge" सक्रिय हो जायेगा।
- "I Take the Pledge" बटन पर क्लिक करें।
- आपको अगले पृष्ठ पर ले जायेगा, जहाँ आप प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

5— अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की अध्यक्षता में गठित कोर समिति की ऑनलाईन बैठक में अद्यतन तैयारियों की समीक्षा की गई। दिनॉक 11 जून, 2024 को सायं 5.00 बजे पुनः समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण/निदेशकगण के साथ, राजभवन लखनऊ से ऑनलाईन समीक्षा बैठक आहूत की जायेगी। आपसे अनुरोध है कि कृपया इस ऑनलाईन बैठक में अद्यतन तैयारियों के साथ अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने का कष्ट करें। बैठक का लिंक पृथक से प्रेषित किया जायेगा।

भवदीय,

11/6/24

**(डा0 सुधीर एम0 बोबडे)**
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

**प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1— विशेष कार्याधिकारी, गृह अधिष्ठान, राजभवन, लखनऊ।
2— सहायक अभियन्ता(विद्युत/सिविल) राजभवन, लखनऊ।
3— प्रोग्रामर(ग्रेड—1) कम्प्यूटर प्रकोष्ठ, राजभवन, लखनऊ।
4— अपर मुख्य सचिव,श्री राज्यपाल के निजी सचिव को अपर मुख्य सचिव महोदय के सूचनार्थ।
5— विशेष कार्याधिकारी(शिक्षा) के निजी सचिव को विशेष कार्याधिकारी महोदय के सूचनार्थ।
6— कुलसचिव, छत्रप्रति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।
7— वित्त नियंत्रक, छत्रप्रति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

**(डॉ0 पंकज एल0 जानी)**
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी